सेंट मारग्रेट सी. सै. स्कूल
डी - ब्लॉक प्रशांत विहार, सेक्टर 14 रोहिणी 110085
वार्षिक परीक्षा कक्षा-5 (SAMPLE PAPER)

समय- (1.5घंटे) **विषय -हिन्दी** **(अंक 40)**

निर्देश-1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2. वैकल्पिक प्रश्नों के केवल उत्तर ही लिखिए-

(अपठित बोध)

प्र0 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (5x1)

मनुष्य को सदा मुसकराते और हँसते रहना चाहिए। हँसने मुसकराने से तनाव दूर होता है। दिमागी संतुलन बना रहता है। अस्थिर दिमाग को शांति मिलती है और मन में सकारात्मक विचार आते हैं। खिलखिला कर हँसना पूरे शरीर के लिए अच्छा व्यायाम है। इससे शरीर की मांसपेशियाँ खुल जाती हैं। फेफड़े ऑक्सीजन से भर जाते हैं और खून का प्रवाह भी बढ़ जाता है। शरीर के भीतर नई ऊर्जा का संचार होने लगता है। उदासी जो दिमाग की बीमारी है, हँसने से डरकर भाग जाती है। इस तरह हँसना तन तथा मन दोनों के लिए फ़ायदेमंद है। तभी तो सुबह सवेरे पार्कों में हज़ारों लोग छोटे-छोटे घेरे बनाकर हा-हा करते हँसते नज़र आते हैं। आजकल हँसने को चिकित्सा के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाता है। धरती पर मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जो मुसकरा और हँस सकता है, तो फिर क्यों न कुदरत की इस नियामत का मज़ा लें। आओ, हँसे और हँसाएँ ।

क)मुसकराने से क्या होता है?
ख) खिलखिलाकर हँसना किस तरह एक अच्छा व्यायाम है? क्यो?
ग) सुबह सवेरे हज़ारों लोग पार्कों में क्या करते नजर आते हैं ?
घ) मनुष्य ऐसा क्या कर सकता है, जो बाकी प्राणी नहीं कर सकते?
ड़) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(व्याकरण)

प्र0-2 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए - (1x5)

क) मुकुल रो रहा है वाक्य में सही क्रिया चुनकर वाक्य पूरा करिए कीजिए ।
(i) मुकुल है ii) रो (iii) है iv) रो रहा है

ख) काल__________ के होने के समय को बताता है ।
(i) विशेषण (ii) संज्ञा (iii) क्रिया (iv) सभी

ग) 'कनक- शब्द के अनेकार्थी शब्द बताइए ।
(i) कार्य / किरण (ii) किरण / हाथ (iii) सोना/धतूरा, (iv) कोई नहीं ।

घ) एक जैसे अर्थ बताने वाले शब्द_________ कहलाते है ।
i) अनेकार्थी शब्द (ii) संज्ञा (iii) विलोम (iv) पर्यायवाची

ड़) सचिन खाना खा रहा था।इस वाक्य में कौन सा काल हैं ?
(i)भविष्य काल (ii) भूतकाल (iii) वर्तमान काल (iv) कोई नहीं ।

प्र0-3 दिए गए शब्दों के अनेकार्थक शब्द लिखिए:- **(1x2)**

क)कर- **ख(**पर-

प्र0-4 उचित क्रिया शब्दों द्वारा वाक्य पूरे करें। **(1x2)**

क)मोहन ______________रहा है । **ख)**चिड़िया खाना —--------------हैं।

प्र0-5 काल के कितने भेद हैं ? उनके नाम लिखिए । **(2)**

(साहित्य)

प्र0-6 क) कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए । **(2)**

जब बहुत सुबह i)____________

कुछ गीत ii) __________

कवलयाiii)_____________________

जब iv)______________________ है।

ख) कवि और कविता का नाम लिखिए। **(2)**

प्र0-7 निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही तीन के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए । **(2X3)**

i) उत्सुकता- **ii)परिचित -** **iii) संग्रहालय-** **IV) ख़ुशनुमा-**

प्र0-8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अंकानुसार दीजिए । **(2x3)**

क) मोबाइल फ़ोन को किस बात का दुख है?
ख) पोंगल के तीसरे दिन किसकी पूजा होती हैं और क्यों ?
ग) नर और मादा शुतुरमुर्ग को कैसे पहचाना जा सकता है?

(लेखन)

प्र0-9 आपको विवाह में जाना है। प्रधानाचार्या जी को अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए । **(5)**

प्र0 -10 अपनी पसंद का खिलौना लेते हुए एक बच्चे राजू को दुकानदार के साथ हुआ संवाद लिखिये। **(3x1)**

राजू : अंकल, ये बड़ी वाली गेंद कितने की है।
दुकानदार : सौ रुपये की। राजू इससे कम की नहीं है क्या :?
राजू : पर अंकल मुझे तो लाल रंग की चाहिए। !
दुकानदार: ____
राजू :____
दुकानदार:
राजू :____